खेती के साथ किसान पशुपालन का वैज्ञानिक प्रबंधन सीखें : भाटी

बीकानेर, (कासं)। वैज्ञानिक भेड़ एवं बकरी पालन के माध्यम से उद्यमिता विकास विषय पर स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हुआ।

कृषि महाविद्यालय बीकानेर के पशुधन उत्पादन एवं प्रबंधन विभाग तथा केवीके बीकानेर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रशिक्षण के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी ने कहा कि किसान अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए खेती के साथ सुनियोजित पशुपालन अपनाएं। उन्होंने कहा कि पशुपालकों को अधिक आय के लिए स्थानीय नस्लों के बेहतरीन पालन-पोषण और वैज्ञानिक प्रबंधन सीखने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया यह प्रशिक्षण पशुपालकों को वैज्ञानिक प्रबंधन से परिचित करवाते हुए उन्हें उद्यमिता विकास के लिए प्रेरित करेगा।

भाटी ने कहा कि घटते चारागाह जैसी चुनौतियां के कारण भेड़ बकरी पालन करने के प्रति किसान-पशुपालक हतोत्साहित हैं। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई जा रही सब्सिडी का पूरा लाभ किसानों को मिले यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है।

उन्होंने विश्वविद्यालय में शैक्षणिक और अधिकारी संवर्ग के लिए आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन स्टाफ को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ अरूण कुमार ने कहा कि पशुपालकों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाने के लिए विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक पशुपालन विभाग के अधिकारियों से आवश्यक समन्वय करें।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में आए पशुपालकों को प्रगतिशील किसानों के अनुभव से वैज्ञानिक पोषण एवं प्रबंधन के बारे जानकारी मिली है। उन्होंने कहा कि सोजत नस्ल की बकरी की शुद्ध नस्ल विकसित करवाने के लिए वैज्ञानिक पशुपालकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें। कुलपति ने विश्वविद्यालय स्टाफ के खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने की सराहना की।

कृषि विज्ञान केन्द्र निदेशक डॉ नीना सरीन ने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान का प्रयोग पशुपालक और किसान अपनी उद्यम में करें। पशु प्रबंधन में कोई समस्या हो तो विश्वविद्यालय और केवीके मागदर्शन के लिए उपलब्ध है। इससे पहले एलपीएम निदेशक डॉ निर्मल सिंह दहिया ने स्वागत उद्बोधन दिया और प्रशिक्षण की रुपरेखा की विस्तृत जानकारी दी। स्पोर्ट्स बोर्ड सचिव डॉ वी. एस. आचार्य ने आभार व्यक्त किया। गंगानगर से प्रगतिशील पशुपालक भूपेन्द्र बरार ने कांटेक्ट फार्मिंग के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा 40 फार्म विकसित किये गए हैं। अन्य प्रशिक्षणार्थियों ने अपने अनुभव बताए। डॉ दहिया ने बताया कि राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, गुजरात, उत्तरप्रदेश विभिन्न राज्यों के 75 से अधिक पशुपालकों ने प्रशिक्षण में भागीदारी की। सभी को प्रमाण पत्र दिया गया।

छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा 6 से 8 फरवरी तक विश्वविद्यालय के अधिकारी और शैक्षणिक संवर्ग के लिए आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ दहिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता में ऑल ओवर चैम्पियनशिप कुलपति डॉ अरूण कुमार के नेतृत्व में विजेता रही टीम सी को प्रदान की गई। कार्यक्रम में सामुदायिक विज्ञान विभाग अधिष्ठाता डॉ विमला डुकवाल, डॉ दीपाली धवन सहित अन्य अधिष्ठाता उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक : राजस्थान सरकार की सुशासन नीति को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए अनूपगढ़ एसडीएम सुरेश राव ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए गए।

एसडीएम ने केन्द्र और राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को इनका व्यापक प्रचार-प्रसार करने और पात्र व्यक्तियों तक लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। किसानों के हित में कृषक साथी योजना के लंबित आवेदनों के शीघ्र निपटारे के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या से निपटने के लिए नगर परिषद को विशेष अभियान चलाने को कहा गया।

वैज्ञानिक भेड़ एवं बकरी पालन के माध्यम से उद्यमिता विकास विषय पर प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों को पूर्व मंत्री देवीसिंह भाटी व कुलपति डॉ अरूण कुमार ने प्रमाण पत्र वितरित किए।

- वैज्ञानिक भेड़ एवं बकरी पालन के माध्यम से उद्यमिता विकास विषय पर सात दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

हार्ट अटैक से गंगाजल मील का निधन

श्रीगंगानगर, (कासं)। सूरतगढ़ के पूर्व विधायक गंगाजल मील (82) का रात को हार्ट फैल होने से निधन हो गया। हनुमानगढ़ रोड स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़ पहले कारोबारी और फिर विधायक बने मील ने विधानसभा चुनाव-2023 में उपेक्षा पर कांग्रेस छोड़ दी थी।

फिर 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हो गए थे। पारिवारिक सदस्यों के अनुसार गंगाजल मील खाना खाकर सूरतगढ़ निवास पर सोए थे। रात करीब 3 बजे उन्हें घबराहट हुई। हार्ट की धड़कन अनियंत्रित हो गई। उन्हें सूरतगढ़ के निजी अस्पताल में लाया गया। डॉक्टर्स ने हार्ट अटैक होना बताया। करीब आधे घंटे बाद 3:30 बजे फिर दूसरा अटैक आ गया। इलाज के लिए श्रीगंगानगर के एक निजी अस्पताल लाया गया। यहां डॉक्टर्स ने जांच की तो उन्हें मृत पाया। डॉक्टर्स के अनुसार स्व. मील का रास्ते में सूरतगढ़ से श्रीगंगानगर लाते समय रास्ते में ही मौत हो गई थी।

युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव हनुमान मील के अनुसार उनके ताऊ स्व. पिछले 25 वर्ष से होली वृंदावन में मनाते थे। हर महीने चिंतपूर्णी व मथुरा की यात्रा करते थे। हनुमान के अनुसार स्व. गंगाजल ने विधायक रहते सूरतगढ़ के टिब्बा क्षेत्र में विकास करवाया। उनके अंतिम संस्कार में सूरतगढ़ के विधायक डूंगरराम गेदर, पीलीबंगा विधायक विनोद गोठवाल, पूर्व विधायक राजेन्द्र भादू व राजकुमार गौड़, भाजपा के जिलाध्यक्ष शरणपाल सिंह, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी आदि शामिल हुए।

सार-समाचार

छाजेड़ ने किए मां करणी के दर्शन

भाजपा नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने मां करणी के दर्शन किए।

बीकानेर, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी शहर नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने आज देशनोक करणी माता मंदिर में दर्शन कर धोक लगाई छाजेड़ ने कहा में देशनोक की बेटी हूं और मेरा बचपन यही गुजरा है और मेरे जिलाध्यक्ष बनने में मां करणी का आशीर्वाद है। इसलिए आज मां करणी के दर्शन कर वरिष्ठ भाजपा नेताओं से आशीर्वाद लिया जिसमें पूर्व जिलाध्यक्ष नंदकिशोर सोलंकी, सत्यप्रकाश आचार्य, महामंत्री मोहन सुराणा, महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित से उनके निवास पर मुलाकात कर मंडल अध्यक्षों के साथ मुलाकात की। आगामी कार्यक्रमों ओर संगठन गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई। आज देशनोक मंदिर में जिला मंत्री मनीष सोनी, भाजपा नेता दिलीप पूरी, पंकज अग्रवाल जेठमल नाहटा, इंद्र राव, सरिता नाहटा, भवानी खत्री साथ थे। लालगढ़ मंडल अध्यक्ष ने किया नवनिर्वाचित अध्यक्षों का सम्मान जिसमें लालगढ़ मंडल अध्यक्ष धर्मपाल डूडी ने जिला अध्यक्ष सुमन छाजेड़ एवं देहात अध्यक्ष श्याम पंचारिया का जिला कार्यालय में शॉल, साफा व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। स्वागत कार्यक्रम में महावीर सिंह चारण, लालगढ़ मण्डल प्रभारी कौशल शर्मा, महिला मोर्चा, विजयलक्ष्मी राजपुरोहित, मंजुलता रावत, लालगढ़ मण्डल के नव नियुक्त मंडल अध्यक्ष धर्मपाल डूडी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विनोद करोल सहित कन्हैयालाल कच्छावा, विश्वजीत पंवार, रामचन्द्र गहलोत, फारूक चौहान, भगवान भाटी, उमाशंकर सोलंकी, सुभाष वाल्मीकि, नवल प्रजापत, नखत सिंह, छतर सिंह, शिव गहलोत, तेजेन्द्र गिल, कमल सैन आदि मौजूद रहे।

सह शैक्षणिक सामग्री वितरित

पूर्व उप महापौर अशोक आचार्य ने 485 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, ज्यामिति बॉक्स व लंच बॉक्स वितरित किए।

बीकानेर, (कासं)। पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी, खाजूवाला विधायक डॉ विश्वनाथ मेघवाल तथा कोलायत विधायक अंशुमान सिंह भाटी की प्रेरणा से पूर्व उप महापौर अशोक कुमार आचार्य ने पहल करते हुए 485 विद्यार्थियों को सह-शैक्षणिक सामग्री वितरित की। आचार्य ने बताया कि आइरेक्स इंटरनेशनल द्वारा यह सामग्री उपलब्ध करवाई गई। उनके द्वारा कुल पांच हजार विद्यार्थियों तक यह सामग्री पहुंचाई जायेगी। इसके तहत मंगलवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मेहरासर तथा मां सरस्वती विद्या मंदिर मेहरासर के 485 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, ज्यामिति बॉक्स, पानी की बोतल, लंच बॉक्स उपलब्ध करवाए गए। इस दौरान आइरेक्स इंटरनेशनल कंपनी के प्रतिनिधि दर्शन आचार्य का आभार बताया गया। कार्यक्रम के दौरान अविनाश मीणा, ललित सोढा, पूजा राठौड़, तिलोक चांवरिया, नहा कवर, शैलेश आचार्य मदनलाल मारू, भंवर सिंह, करणी सिंह, मदन सिंह मेहरासर, चेतन पेमाराम मारू, राधा कृष्ण, कुशा और गणेश मारू सहित अनेक लोग मौजूद थे। आचार्य ने बताया कि यह क्रम आगे भी जारी रहेगा।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू

अनूपगढ़, (कासं)। रेलवे स्टेशन से राहुपीर फाटक तक रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। रेलवे विभाग ने यहां रह रहे लोगों को नोटिस दिए हैं। जो लोग घरों में नहीं मिले, उनके घरों के बाहर नोटिस चिपकाए गए हैं। सीनियर सेक्शन इंजीनियर की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि लोगों ने रेलवे की जमीन पर अवैध निर्माण किया है। कब्जाधारियों को 15 दिन के भीतर जमीन खाली करने को कहा गया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि अगर लोग स्वयं नहीं हटेंगे तो जबरन कार्रवाई की जायेगी। वार्ड 35 के पार्षद परविंदर सिंह ने बताया कि इस जमीन पर करीब 150-200 परिवार पिछले 35-40 साल से रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि नोटिस से लोगों में रोष है।

चोरी के मामले का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। नयाशहर थाना क्षेत्र में हुई चोरी के एक मामले का पुलिस ने खुलासा किया। विवाह समारोह में हिस्सा लेने परिवार बाहर गया था, वापस लौटा तो घर के ताले टूटे हुए थे। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने कुछ ही दिनों में चोरी का पर्दाफाश कर दिया। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

मुरलीधर व्यास कॉलोनी में कल्ला पेट्रोल पंप के पास रहने वाले भानूप्रताप नायक ने पुलिस को चोरी की रिपोर्ट दी थी। नायक का कहना है कि वो अपने परिवार के साथ विवाह समारोह में हिस्सा लेने जोधपुर गया था। 6 फरवरी को ये लोग गए थे और 14 फरवरी को वापस लौटे थे। 6 फरवरी को दोपहर लगभग 1 बजे घर से परिवार सहित बहिन के बेटे की शादी में जोधपुर जाने के लिए निकले थे।

शादी से वापस सात फरवरी को वापस आए तो घर के मैन गेट का ताला टूटा हुआ था। घर के अन्दर कमरे का भी ताला टूटा हुआ था और सामान बिखरा हुआ पड़ा था। अलमारी में से सामान बाहर निकाला हुआ था। चोरों ने हमारे घर से 5 चांदी के सिक्के, एक चांदी की पायल की जोडी, सात चांदी की अंगूठी, बीस चांदी की बिछिया, एक जोडी सोने के झुमके, एक टैबलेट और 8 हजार रूपए नगद थे। जो अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। नकबजनी की वारदात को गंभीरता से लेते हुए हैड कांस्टेबल शेरसिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। हैड कानि ने कल्ला पेट्रोल पम्प के पीछे मुरलीधर कॉलोनी में हुई नकबजनी की वारदात में घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक कर सीसीटीवी फुटेज व सूचना एकत्रित कर नकबजनी की वारदात को ट्रेस कर दिया। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

इन दोनों ने नकबजनी की वारदात कबूल की। दोनों आरोपी प्रहलाद लावा पुत्र चम्पाराम लावा उम्र 18 साल निवासी चौधरी धर्म कांटे के पीछे, हनुमान मंदिर के पास, वार्ड नम्बर 01 बंगलानगर पुलिस थाना मुक्ताप्रसाद नगर और लिछुराम छुरंग पुत्र आदुराम छुरंग उम्र 25 साल निवासी चौधरी धर्म कांटे के पीछे, तिरूपति स्कूल के पास, वार्ड नम्बर 01 बंगलानगर पुलिस थाना मुक्ताप्रसाद नगर को गिरफ्तार कर मकान से नकबजनी किये गये गये जेवरात व टैबलेट बरामद किया गया।

- विवाह समारोह में जोधपुर गया था परिवार, पीछे से दो युवकों ने ज्वैलरी चुराई थी

एम्बुलेंस की टक्कर से घायल मजदूर की मौत

श्रीगंगानगर, (कासं)। ईंट भट्टा मजदूर की एक्सीडेंट में मौत के बाद परिजनों ने आरोपी चालक की गिरफ्तारी व मुआवजे की मांग को लेकर जिला अस्पताल में प्रदर्शन किया।

रीको चौकी इंचार्ज जाकिर हुसैन ने मौके पर पहुंचकर समझाइश की। उचित कार्रवाई के आश्वासन पर प्रदर्शनकारी शव का पोस्टमार्टम करवाने को राजी हुए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भट्टा कॉलोनी निवासी 32 वर्षीय अरविंद कुमार पुत्र देवेंद्र कुमार 4 जनवरी को साइकिल से हनुमानगढ़ रोड पर जा रहा था। इसी दौरान एक एम्बुलेंस ने उसको पीछे से टक्कर मार दी। घटना में अरविंद कुमार को गंभीर चोटें लगीं। उसे जनसेवा अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। हादसे के कारण अरविंद कोमा में चला गया था। उसको करीब एक माह बाद 6 फरवरी को इसी हालत में ही अस्पताल से छुट्टी दी गई थी।

पिस्टल व 52 कारतूस सहित तीन को पकड़ा

बीकानेर, (कासं)। हथियार लेकर घूम रहे तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया। तीनों से तीन आधुनिक पिस्टल और 52 कारतूस बरामद किए गए हैं।

ये लोग बीकानेर में हथियार लेकर क्यों घूम रहे थे। इन तीनों का संपर्क किसी बड़े गैंग से होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि गैंग को लेकर पुलिस ने कोई खुलासा नहीं किया है। तीनों को आज कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जायेगा। एक युवक हरियाणा का रहने वाला है। बदमाशों को पकड़ने की कार्रवाई बीकानेर रेंज के आईजी ओमप्रकाश पासवान के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तार युवकों में एक राहुल जाट (27) हरियाणा के पानीपत जिले के समालखां तहसील के जोरासी थाना क्षेत्र का रहने वाला है।

उसने अपने साथ बीकानेर के नापासर गांव के रोहित राणा उर्फ लाला (19) पुत्र पूनमचंद राणा निवासी सींथल पीएस नापासर और मोहित (29) पुत्र भोमाराम निवासी चाखु पीएस चाखु जिला फलौदी को शामिल किया था। तीनों बीकानेर में बाइक पर अत्याधुनिक पिस्टल लेकर घूमते पकड़े गए।

तीनों से 3 आधुनिक पिस्टल और 52 कारतूस जब्त किए है। बीकानेर पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर की स्पेशल टीम और गंगाशहर पुलिस थाने ने मिलकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

- बीकानेर में हथियार लेकर घूमते तीन युवकों को पकड़ा
- हरियाणा से आया था एक बदमाश

नोखा पालिका का 77 करोड़ का बजट पारित

नोखा, (कासं)। नोखा नगर पालिका की बजट सोमवार को पालिकाध्यक्ष नारायण झंवर की अध्यक्षता में 77 करोड़ 19 लाख रूपये का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।

बजट में शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों के नवीनीकरण के लिए 10 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही शहर के मुख्य बाजारों में बिजली लाइन के आधुनिकीकरण के लिए 1 करोड़ रूपये खर्च किए जायेंगे। कटला चौक पर 100 फीट ऊंचा तिरंगा ध्वज स्थापित किया जायेगा। राठी स्कूल में 20 लाख रूपये की लागत से शौचालय निर्माण और रंग-रोगन का कार्य किया जायेगा। बैठक के दौरान पार्षद जेठूसिंह राजपुरोहित ने नोखा के विकास की चर्चा की। पार्षद देवकिशन चांडक ने महावीर चौक से मरोठी तक की टूटी सड़क के निर्माण की मांग रखी। बैठक में ईओ शैलेन्द्र कुमार ने आभार जताया। इस अवसर पर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल कुमार भूरा, श्रीनिवास झंवर, पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं सदस्य डॉ. सीताराम पंचारिया, देवकिशन चांडक, जेठूसिंह राजपुरोहित, देवकिशन जोशी, अशोक सुथार, जेठाराम कुमावत, किशनाराम, प्रमोद पंचारिया, अंकित तोषनीवाल, जगदीश मांझू, मदनलाल सियाग आदि मौजूद थे।

- सड़कों के नवीनीकरण पर खर्च होंगे दस करोड़ रूपए

डॉक्टर से लूटी कार का नहीं लगा सुराग

बीकानेर, (कासं)। शहर में बढ़ते अपराधों के बीच डॉक्टर शेखर गोयल से चाकू की नोंक पर लूटी गई कार का अब तक कोई सुराग नहीं मिला।

घटना के 24 घंटे से अधिक बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस अब तक लुटेरों की गिरफ्त में कोई सफलता हासिल नहीं कर पाई है। सदर थाना पुलिस ने अपराधियों को पकड़ने के लिए विशेष टीम का गठन किया है, जो संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी कर रही है और अन्य जिलों में भी पुलिस टीमें भेजी गई है। डॉ. शेखर गोयल से कार लूट की वारदात पंचशती सर्किल के पास हुई थी। जब पीबीएम हॉस्पिटल में पदस्थ डॉक्टर शेखर गोयल को दो अज्ञात बदमाशों ने चाकू की नोंक पर धमकाकर उनकी कार लूट ली थी।

बीकानेर नगर निगम का 657 करोड़ का बजट प्रस्तावित

बीकानेर, (कासं)। नगर निगम ने वर्ष 2025-26 का बजट तैयार कर लिया है। इस बार 657 करोड़ रूपए का बजट प्रस्तावित किया जायेगा। एक-दो दिन में प्रशासक इसे मंजूरी के लिए सरकार को भेज देंगे। पिछले साल के मुकाबले 104 करोड़ का बजट ज्यादा है। इस 104 करोड़ में पिछले बजट में ड्रेनेज के लिए मिले 100 करोड़ रूपए भी शामिल हैं।

हालांकि वित्त विभाग 100 करोड़ में से 41 करोड़ रूपए की कटौती कर रहा है। इसके अलावा अमृत-2 योजना के लिए मिलने वाले 125 करोड़ रूपये भी इस बजट में शामिल हैं। हैरानी की बात ये है कि सड़कों के लिए निगम ने ज्यादा ध्यान इस साल भी नहीं दिया। पिछले साल भी 10 करोड़ रूपये ही सड़कों के लिए रखे गए थे और इस साल भी इतनी ही राशि रखी गई है। हालांकि नाली, सीवरेज मेंटीनेंस और सड़कों के लिए कुल 85 करोड़ रूपये के करीब प्रस्ताव लिया गया, लेकिन इसमें से बड़ी रकम सीवरेज के मेंटिनेंस पर खर्च होगी। इसके अलावा नाला सफाई आदि पर भी खर्च होगा। पहली बार एक करोड़ रूपये हैरिटेज संपत्ति के लिए सुरक्षित किए गए हैं। ये बजट हैरीटेज धरोहर के संरक्षण के लिए आयोजित होने वाले इवेंट पर खर्च होगा। कलेक्टर ने इसके लिए अगल विंग बनाई है इसलिए निगम ने भी इस पर बजट का प्रावधान किया है। राज्य वित्त आयोग से 35 करोड़ की आय, दोनों वित्त आयोग से 85 करोड़ की आय होगी। इस मद से नाली, सड़क और सीवरेज पर करीब 50 करोड़ रूपये खर्च करने का प्रावधान किया।

- बजट में ड्रेनेज के लिए मिले 100 करोड़ रूपए भी शामिल हैं
- हालांकि वित्त विभाग 100 करोड़ में से 41 करोड़ रूपए की कटौती कर रहा है

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3561 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 18.2.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री विनोद कुमार जिन्दल पुत्र श्री रामस्वरूप जिन्दल निवासी 12 माया विहार, नजदीक सैक्रड हर्ट कान्वेंट स्कूल, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 34 किला नं. 7 में माप 18 इंटू 47 फीट भू.सं. ए-10, न्यू लोहा मण्डी, श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 3782 दिनांक 24.1.2006 को श्रीमती नीतू शाह पत्नी श्री मुकेश शाह के नाम से जारी किया हुआ है।	श्री विनोद कुमार द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 26.12.2024 को क्रय कर उक्त भूखंड के अपने नाम से नामान्तरण बाबत न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री विनोद कुमार जिन्दल पुत्र श्री रामस्वरूप जिन्दल निवासी 12 माया विहार, नजदीक सैक्रड हर्ट कान्वेंट स्कूल, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1318 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905

E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक / निर्माण / 2024-25 / 2950 दिनांक 14.02.2025

अल्पकालीन ई- निविदा-सूचना सं0 102/2024-25

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 30.00 लाख

UBN Number :- DLB2425WSOB17445

आयुक्त

राज.संवाद / सी / 24 / 11913 नगर निगम, बीकानेर

एन.आर.सी.सी. को मिला राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य के लिए क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार

बीकानेर, (कासं)। भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र (एनआरसीसी) बीकानेर को भारत सरकार गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की ओर से राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य-निष्पादन के लिए क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार से नवाजा गया है।

जेईसीसी जयपुर में 17 फरवरी को आयोजित मध्य, पश्चिम एवं उत्तरी क्षेत्रों का संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कर कमलों से केन्द्र निदेशक डॉ. समर कुमार घोरूई को यह शील्ड प्रदान की गई। केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय द्वारा केन्द्र के नेमीचंद बारासा, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा) को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। केन्द्र की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निदेशक डॉ. समर कुमार घोरूई ने सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई संप्रेषित की तथा प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सभी के समन्वित कार्यों के परिणाम स्वरूप ही केन्द्र को यह गौरव प्राप्त हुआ है। इससे सभी को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में राजभाषा हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग हेतु प्रेरणा मिल सकेगी। इस सम्मेलन में सहभागी रहे केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं नोडल अधिकारी (राजभाषा) डॉ. राकेश रंजन ने कहा कि राजभाषा विभाग द्वारा भाकृअनुप-राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र को राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए 'क' क्षेत्र में कार्यालय (50 से अधिक स्टाफ संख्या वाले) की श्रेणी में द्वितीय राजभाषा पुरस्कार एवं एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सम्मेलन के इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, केन्द्रीय राजभाषा विभाग की सचिव अंशुली आर्या, संयुक्त सचिव डॉ. मीनाक्षी जौली, प्रख्यात साहित्यकार डॉ. इंदुशेखर तत्पुरुष आदि गणमान्य मौजूद थे।

राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केन्द्र बीकानेर को राजभाषा में श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्र निदेशक डॉ. समर कुमार घोरूई को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

- केन्द्र निदेशक डॉ. समर कुमार घोरूई को यह शील्ड प्रदान की गई

191 किसानों का फार्मर आई.डी. पंजीयन

बीकानेर, (कासं)। फार्मर रजिस्ट्री कैम्प का आयोजन मंगलवार को लूणकरनसर की ग्राम पंचायत कालू में हुआ।

लूणकरनसर के उपखंड अधिकारी ने बताया कि जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि के निर्देशानुसार शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों के विभिन्न कार्यों का संपादन एवं योजनाओं में पंजीकरण का काम करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर में किसान केवाईसी के 215 व किसान भूमि सत्यापन के 203, पीएम किसान सम्मान निधि योजना (लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग, ई-केवाईसी) के 5, पेंशन सत्यापन के 2 प्रकरण दर्ज किए गए। कृषि विभाग द्वारा संचालित फसल बीमा योजना के 18 व मृदा स्वास्थ्य के 15 कार्ड वितरित करने के साथ फार्मर आईडी 191 किसानों का पंजीयन किया गया। इस दौरान पशु चिकित्सक विभाग की मंगला पशु बीमा योजना में 6 पशुपालकों का पंजीयन किया।

राजस्थान-सरकार

कार्यालय उपनिवेशन तहसीलदार गजनेर मु.कोलायत

क्रमांक:ओ.के./2025/586 दिनांक:-7.2.25

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि इस कार्यालय में वसीयत इन्तकाल के लिए एक प्रार्थना पत्र श्री बाबूलाल झंवर पुत्र बद्रीनारायण झंवर जाति झंवर निवासी नापासर तहसील बीकानेर जिला बीकानेर ने पेश किया है जिसमे ग्राम जयमलसर के ख.न.180 रकबा 25बीघा07 बिस्वा बारानी खातेदारी कृषि भूमि अपनी माता श्रीमति बसन्ती देवी पत्नि बद्रीनारायण पुत्री मनसुख दास जाति झंवर निवासी नापासर के नाम खातेदारी भूमि स्थित है। जिसमें हल्का पटवारी जयमलसर की रिपोर्ट प्राप्त कि गइ जिसमें ग्राम जयमलसर ख.न.180 रकबा 25 बीघा 07 बिस्वा बारानी खातेदारी विरासतन दर्ज रिकार्ड है

आवेदक द्वारा प्रसतुत दस्तावेज के अनुसार श्रीमति बसन्ती देवी पत्नि बद्रीनारायण पुत्री मनसुख दास जाति झंवर निवासी नापासर के द्वारा वसीयत दिनांक 09.10.2014 को अपने पुत्र श्री बाबूलाल झंवर पुत्र बद्रीनारायण झंवर जाति झंवर निवासी नापासर तहसील बीकानेर जिला बीकानेर के पक्ष में सैन्टर नोटेरी बीकानेर द्वारा तस्दीक शुद्धा है जिसमें श्रीमति बसन्ती देवी पत्नि बद्रीनारायण पुत्री मनसुख दास जाति झंवर निवासी नापासर की मृत्यु दिनांक 09.12.2023 को हो चुकी है। खातेदार ने मृत्यु से पूर्व वसीयत तस्दीक करवाई है। लेकिन बसन्ती देवी के छः जायज वारिस है। जिसकी तस्दकी शामिल पत्रावली है।

इस संबन्ध में यदि किसी को कोई उज्रर एतराज हो तो सम्बन्धित पक्षकार मय सबूत इस कार्यालय में सूचना प्रकाशन के 15 दिवस में प्रस्तुत करे। बाद गुजरने मियाद कोई उज्रर एतराज मान्य नही होगा।

सूचना आज दिनांक 7.2.25 को मेरे हस्ताक्षर से जारी की गई।

उपनिवेशन तहसीलदार

गजनेर मु.कोलायत